## महत्वपूर्ण एवं खास

### 45 समितियों का 74 हजार बोरा तेंदूपत्ता के लिए 50 करोड़ की बोली लगाई गई

**कांकेर (आरएनएस)।** जिले के पश्चिम भानुप्रतापपुर की 45 समितियों का 74 हजार मानक बोरा तेंदपत्ता 50 करोड़ में तेंदपत्ता तोडऩे से पहले ठेकेदारों ने बोली लगा दी है। औसतन प्रति बोरा इस साल 6781 रुपए की दर पर ठेकेदारों ने खरीदी के लिए बोली लगाई है। सबसे अधिक टूटा समिति का तेंदपत्ता व्यापारियों को पसंद आया है। इस समिति का तेंदूपत्ता 08 हजार रुपए प्रति मानक दर से ठेकेदारों ने खरीदी के लिए बोली लगाई है। वहीं, 10 समितियों के तेंदूपत्ता खरीदी करने के लिए ठेकेदार अभी तक नहीं मिले हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पश्चिम भानुप्रतापपुर वनमंडल में 55 वन समितियों के माध्यम से तेंदूपत्ता तोड़ा जाएगा। प्रथम चरण में तेंदूपत्ता की बूटा कटाई के लिए अभी समितियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। तेंदपत्ता बूटा कटाई और तोड़ाई से पहले पत्ता खरीदी के लिए अधिकांश फड़ों की ठेकेदारों ने बोली लगाई है। वैसे औसतन प्रति मानक बोरा तेंदूपत्ता इस वर्ष 6781 रुपए प्रति बोरा की दर तय हुआ है।

### एनमडीसी के बचेली लोडिंग प्लांट में लगी आग, लोडर जलकर खाक

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जिले के एनमडीसी बचेली के लोडिंग प्लांट में विशाखापटनम वाली ट्रेन में लौह अयस्क भरने के दौरान आग लग गई है। ट्रेन में लौह अयस्क भरने वाले लोडर में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। इस हादसे में अब तक जनहानि की कोई खबर नहीं है, लेकिन इस भीषण आग में लोडर जलकर खाक हो गया है। हादसे के बाद बचेली से ट्रेन की लोडिंग का काम बंद हो गया है। बचेली में लोडर में लगी आग के बाद मौके पर बचेली पुलिस सहित सीआइएसफ की दमकल टीम भी मौके पर पहुंच गई है। आग कैसे लगी इसकी जानकारी नही मिल पाई है। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस और दमकल की टीम मौजूद है।

### दूधीटांगर जंगल में पहुंचे 20 हाथियों का दल

**कोरबा।** वन मंडल कोरबा के करतला रेंज से 12 हाथियों का झुंड छाल की ओर जाने के बाद बालको रेंज में 20 हाथियों का झुंड 2 सप्ताह से एक ही स्थान पर घूम रहा है। झुंड में 6 बच्चे होने की वजह से हाथी आगे नहीं बढ़ रहे हैं। वन विभाग की टीम हाथियों की निगरानी कर रही है। झुंड में बच्चे होने की वजह से हाथी आबादी क्षेत्र से दूर ही रहते हैं। बालको से लेमरू मार्ग पर दूधीटांगर के पास हाथी जंगल को नहीं छोड़ रहे हैं। रेंजर के अनुसार हाथियों का झुंड बच्चों की सुरक्षा पर अधिक ध्यान देता है। ग्रामीणों को जंगल की ओर नहीं जाने की हिदायत दी गई है

### तोड़फोड़ करने एवं आग लगाने वाले 5 आरोपियों को पुलिस ने पहुंचाया सलाखों के पीछे

**जांजगीर चांपा (आरएनएस)।** अंबेडकर चौक के पास लगे तीन नग सीसीटीव्ही को तोडफ़ोड़ कर एवं पुलिस द्वारा रोड में लगाये गये स्टापर को आग लगा दिये जिससे लोक मार्ग को अनुपयोगी बनाकर आगजनी किये एवं शासकीय संपत्ति का नुकसान किये जिस पर आरोपियों के विरूद्ध थाना अकलतरा में अपराध क्रमांक 140/23 धारा 431,435 भादवि एवं लोक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 की धारा 3,4 कायम कर विवेचना में लिया गया।प्रकरण के आरोपी उमेश कुमार खाण्डे को दिनांक 09.03.23 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा जा चुका है एवं प्रकरण के अन्य आरोपी घटना दिनांक से फरार थे जिनकी लगातार पतासाजी की जा रही थी। घटना में सम्मिलित आरोपी 01 अंकित सारथी उम्र 19 वर्ष 02. अरविंद सारथी उम्र 19 वर्ष 03 विक्रम सूर्यवंशी उम्र 19 वर्ष 04 अजय तेंदुलकर उम्र 19 वर्ष एवं 05 तिलेश मिरी उम्र 19 वर्ष सभी निवासी अकलतरा को दिनांक 10.03.23 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।

# रायपुर को अंतर्राष्ट्रीय खेल अकादमी की मिली सौगात

- बस्तर एवं रायपुर में तीरंदाजी खेल अकादमी की होगी स्थापना
- बस्तर मेंएडवेंचर स्पोर्ट्स अकादमी और नारायणपुर में मलखम्ब अकादमी की स्थापना का प्रावधान

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 06 मार्च को अपने कार्यकाल का पांचवा बजट प्रस्तुत किया गया। बजट में विद्यार्थियों से लेकर खिलाडिय़ों तक सभी का विशेष ध्यान रखा गया है, जिसमें मिनी स्टेडियम का निर्माण, महिला खेलकूद को प्रोत्साहन एवं विभिन्न खेल अकादमी की स्थापना का प्रावधान किया गया है। राज्य में पारंपरिक खेलों के बढ़ावा दिया जा रहा है। खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए ग्राम स्तरीय खेल प्रतियोगिता से लेकर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल स्पर्धाओं के आयोजन के साथ-साथ खिलाडिय़ों के प्रशिक्षण की व्यवस्था के लिए 5 करोड़ रूपए की घोषणा की गई है।

इस बजट में राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय खेल यथा एडवेंचर स्पोर्ट्स, हॉकी, फुटबॉल, बैडमिंटन, टेनिस, एथलेटिक्स जैसे खेल अकादमी की स्थापना का प्रावधान किया गया है। इसी तरह शहीद गुंडाधुर तीरंदाजी एवं कायाकिंग व केनोइंग खेल अकादमी की भी स्थापना की जाएगी।

तीरंदाजी को राजकीय खेल के तौर पर प्रोत्साहित करने के लिए बस्तर और रायपुर में तीरंदाजी खेल अकादमी की स्थापना की जाएगी। नारायणपुर में मलखम्ब अकादमी और रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खेल अकादमी की स्थापना का प्रावधान किया गया है।

बस्तर जिले में एडवेंचर स्पोर्ट्स अकादमी की स्थापना और कुनकुरी के ग्राम सलियाटोली विकासखण्ड में एडवेंचर स्पोर्ट्स सुविधाओं के विकास के लिए नवीन मद में 3 करोड़ 70 लाख की घोषणा की गई है।

प्रदेश के परंपरागत खेलों को बढ़ावा देने के लिए इस वर्ष से छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक के आयोजन की शुरूआत की गई है, जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी वर्ग के महिला एवं पुरूषों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया।

छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक के सफल आयोजन से इन खेलों के प्रति स्थानीय लोगों के रूझान और उत्साह को देखते हुए आगामी वर्ष में छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक के भव्य आयोजन के लिए इस बजट में 25 करोड़ रूपए का प्रावधान रखा गया है।

मुख्यमंत्री द्वारा बजट में राजीव युवा मितान क्लब के लिए 100 करोड़ रूपए तथा राजीव युवा महोत्सव के आयोजन हेतु 08 करोड़ रूपए का प्रावधान रखा गया है।

## राज्य को चार नए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय की मिली सौगात

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने कार्यकाल का पांचवां बजट पेश किया है। प्रदेश के सभी वर्गों के लोगों को ध्यान में रखकर इस बजट को तैयार किया गया है। बजट में युवाओं से लेकर बुजुर्गों और महिलाओं तक सभी के लिए विशेष प्रावधान किया है। स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा के छात्रों के लिए भी मुख्यमंत्री ने महत्वपूर्ण घोषणाएं की है। स्वामी आत्मानंद स्कूलों की संख्या को बढ़ाने के साथ कुछ चयनित महाविद्यालयों में भी आगामी सत्र से अंग्रेजी माध्यम में शिक्षण शुरू करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को शोध कार्य में सहयोग प्रदान करने के लिए राज्य रिसर्च फेलोशिप योजना प्रारंभ की गई है। बजट के माध्यम से स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों से कक्षा 12वीं उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को अंग्रेजी माध्यम से ही उच्च शिक्षा निरंतर रखने की सुविधा प्रदान करने की दृष्टि से शिक्षा सत्र 2023-24 से प्रदेश के चयनित महाविद्यालयों में अंग्रेजी माध्यम से शिक्षण प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश में 101 नए आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय खोलने की भी घोषणा की गई है। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के तर्ज पर महासमुंद, कोरबा, बिलासपुर और रायगढ़ जिले में अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय के लिए नए सेटअप और प्रति भवन 12 करोड़ की लागत से 4 महाविद्यालय भवन निर्माण किया जाएगा। रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, कांकेर, बस्तर और अंबिकापुर में पूर्व से स्वीकृत महाविद्यालयों को अंग्रेजी माध्यम में परिवर्तित करते हुए कुल 10 जिलों में अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालयों का संचालन प्रारंभ किया जाएगा।

## प्रथम हॉकी इंडिया वेस्ट ज़ोन जूनियर बालक/बालिका राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता का दायित्व छत्तीसगढ़ हॉकी को

**रायपुर (आरएनएस)।** आगामी 19 से 26 मार्च तक राजनांदगांव में वेस्ट जोन जूनियर राष्ट्रीय बालिका एवं बालक हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है । उक्त चैंपियनशिप में वेस्ट ज़ोन से 7 राज्य राजस्थान,गोवा,मध्यप्रदेश , महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ , गुजरात,तथा दमनदीव(नागर हवेली) की टीमें भाग लेगी प्रतियोगिता उक्त राज्यो की टीमों से 300 से अधिक बालक एवं बालिका हॉकी खिलाड़ी ,निर्णायक ,कोच मैनेजर ,सलेक्टर आदि भाग लेंगे। हॉकी इंडिया ग्रासरूट् से हॉकी को आगे बढ़ाने के लिए इस तरह की हॉकी प्रतियोगिता पहली बार करा रहा है। एक विज्ञप्ति में छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिऱोज़ अंसारी ने बताया कि हॉकी इंडिया और छत्तीसगढ़ हॉकी के द्वारा विगत वर्ष2011,व 2016 में हॉकी की दो बार जूनियर बालक/ बालिका राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप राजनांदगांव में, 2016 (रायपुर) में और सबजूनियर राष्ट्रीय बालक हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन 2019 (रायपुर और बिलासपुर) में कराने के बाद, अब हॉकी इंडिया और छत्तीसगढ़ हॉकी के द्वारा हॉकी की नर्सरी कहे जाने वाले शहर राजनांदगांव में आगामी 19 से 26 मार्च 2023 तक एक साथ बालक एवं बालिका दोनो वर्ग का वेस्ट जोन राष्ट्रीय जूनियर हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है।वेस्ट जोन राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में राजस्थान,गोवा,मध्यप्रदेश , महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ , गुजरात तथा दमनदीव (नागरहवेली)की बालक और बालिका हॉकी टीम भाग लेगी । इस प्रतियोगिता 7 टीमों में 300 से अधिक बालक एवं बालिका हॉकी खिलाड़ी एवं ऑफिशियल भाग लेंगे।

छत्तीसगढ़ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि राजनांदगांव में इस प्रतियोगिता से जुड़े सभी कार्यों की तैयारी,खेल एवं युवा कल्याण विभाग,जिला प्रशासन, हॉकी छत्तीसगढ़ तथा जिला हॉकी संघ द्वारा संयुक्त रूप से की जा रही है। खिलाडिय़ों के आवास व्यवस्था,भोजनस्थल, ट्रांसपोर्ट आदि से लेकर आयोजन के लिए सभी आवश्यक बिंदुओं का अवलोकन कर आगे की कार्य योजना की तैयारी जोरों से की जा रही है। श्रीवास्तव ने बताया कि हॉकी इंडिया ने ग्रास रूट से हॉकी को आगे बढ़ाने के लिए इस वर्ष से पहली बार जूनियर एवम सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप को हॉकी खिलाडिय़ों चार जोन में विभाजित किया है चारों जोन में पडऩे वाले राज्यों का आपस में अलग-अलग प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी और इन प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे टीमों से बेस्ट खिलाडिय़ों को चयनित कर एक टीम बनाई जाएगी।यह चयनित टीम इंटर जोन प्रतियोगिता में भाग लेगी। इंटर जोन प्रतियोगिता में सभी जॉन से 1=1 टीम के अलावे साई से 02 टीम तथा देश के विभिन्न हॉकी अकादमी से चयनित 02टीम सहित देश के कुल आठ टीम भाग लेगी।

## बस्तर में नक्सल मोर्चे पर तैनात 77 जवानों को मिला आउट ऑफ टर्न प्रमोशन

**रायपुर (आरएनएस)।** होली के मौके पर बस्तर संभाग के अलग-अलग जिलों में तैनात 77 जवानों को डीजीपी अशोक जुनेजा ने प्रमोशन का तोहफा दिया है। इनमें बीजापुर में तैनात सबसे अधिक 21 जवानों को एवं दंतेश्वरी फाईटर से संबंधित 2 महिला कांस्टेबल रेशमा कश्यप, सुनैना ठाकुर को प्रमोशन दिया गया है, ऐसा पहली बार हुआ है जब इतनी बड़ी संख्या में जवानों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन मिला है। पदोन्नत होने वाले जवानों में डीआरजी, सीएएफ के जवान शामिल हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर छत्तीसगढ़ में लगातार नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन किए जा रहें हैं, मुख्यमंत्री द्वारा डीआरजी, सीएएफ बल में महिलाओं की भूमिका को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है, इसी क्रम में 2 महिला कांस्टेबल को पहली बार प्रमोशन दिया गया है। गौरतलब है कि सुकमा, दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बस्तर जिले के थानों में पदस्थ इन जवानों ने मुठभेड़ में शामिल रहकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, इन जवानों ने मुठभेड़ के दौरान कई खूंखार हार्डकोर नक्सलियों को ढेर भी किया है, अपनी ड्यूटी अच्छी तरह निभाने के उपहार स्वरूप जवानों को प्रमोशन का तोहफा मिला है।

## छत्तीसगढ़ सस्ते दाम में बेच रहे थे बाइक, पकड़े जाने पर हुआ चोर गैंग का खुलासा

**बिलासपुर (आरएनएस)।** बिलासपुर में पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की 11 बाइक बरामद किया गया है। गिरोह के सदस्य शहर के साथ ही जांजगीर-चांपा और बेमेतरा में भी सक्रिय हैं, जहां से बाइक चोरी कर लाते हैं और शहर के अलग-अलग इलाकों में खपाते हैं। पुलिस इस गिरोह के सदस्यों से पूछताछ कर रही है। मामला तारबाहर थाना क्षेत्र का है। पुलिस को जानकारी मिली कि कुछ युवक शहर में अलग-अलग बाइक में घूम रहे हैं और उसे सस्ते दाम में बेचने की फिराक में है। खबर मिलते ही पुलिस ने संदेही युवकों की जानकारी जुटाई और घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। इस दौरान उनकी बाइक को जब्त कर दस्तावेजों की मांग की गई। लेकिन, उनके पास बाइक के कोई कागजात नहीं मिले। पुलिस ने तीन युवकों से अलग-अलग सख्ती से पूछताछ की, तब उन्होंने बाइक चोरी करने की जानकारी दी। युवकों ने बताया कि बिलासपुर के साथ ही दूसरे जिलों से भी गाड़ी चोरी किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने चार पल्सर, तीन डीलक्स, दो स्प्लेंडर, एक एक्टिवा और एक सीबीजेड बाइक बरामद किया है। चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार तीनों आरोपी अलग-अलग इलाकों से हैं। इनके गिरोह में और भी सदस्य शामिल होने की आशंका है।

## सुकमा परिक्षेत्र से 15 घन मीटर सागौन चिरान व गोला बरामद

**सुकमा (आरएनएस)।** जिले के वन मंडल के वन परीक्षेत्र सुकमा क्षेत्र से जंगल कटाई और सागौन तस्करी के शिकायतें मिल रही थी, जिस पर सुकमा परिक्षेत्र में विभागीय अमले ने मुखबिरी की सूचना पर छापेमारी कार्रवाई करते हुए 15 घन मीटर सागौन गोला और सागौन चिरान बरामद किया है। जिसकी अनुमानित बाजार मूल्य 20 लाख रूपये आंकी गई है। वन परीक्षेत्र अधिकारी गुलशन साहू ने बताया कि जंगलों की सुरक्षा अवैध कटाई पर लगाम लगाने विभागीय अमला और वन प्रबंधन समिति सक्रिय है। मुख्य वन संरक्षक मोहम्मद शाहिद और सुकमा वन मंडलाधिकारी के विशेष मार्गदर्शन पर यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, जंगलों को बचाने विशेष मुहिम छेड़ा गया है।

सुकमा वन मंडल के वन परीक्षेत्र अधिकारी गुलशन साहू ने बताया कि लंबे समय से सुकमा परिक्षेत्र से जंगल कटाई की शिकायत मिल रही थी, मुखबिर की सूचना पर फुलबगड़ी बीट के नीलावरम और मूरतोडा के कानकीपारा बीट से 10 मार्च की रात में कार्रवाई पूरी की गई मौके पर 15 घन मीटर गोला और चिरान बरामद किया गया धरपकड़ की कार्रवाई के बाद पीओआर दर्ज किया गया है अवैध रूप से संग्रहित किए गए बेशकीमती लकड़ी के धरपकड़ की कार्रवाई में फुलबगड़ी नीलावरम और मूरतोडा कानकीपारा बीट संयुक्त वन प्रबंधन समिति वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## विद्युत करेंट से चीतल के 4 शिकारियों को वन अमला ने पकड़ा

**कसडोल (आरएनएस)।** वनमंडल बलौदाबाजार अन्तर्गत लवन परिक्षेत्र में घटना दिनाँक 7 मार्च मंगलवार को सुबह 8 से 8:30 बजे के बीच मुखबिर के सूचना के आधार पर चीतल के अवैध शिकार के मामले में चार शिकारियों को स्थानीय वन अधिकारी-कर्मचारियों ने रंगे हाथ धर दबोचा है।अभियुक्तों को प्रकरण क्रमांक 15623/19 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर पकड़े गए सभी चार अभियुक्तों को 9 मार्च गुरुवार को प्रथम श्रेणी कसडोल न्यायालय में पेश कर जिला जेल बलौदाबाजार में भेज दिया गया है।विभाग से मिली जानकारी अनुसार लवन परिक्षेत्र अन्तर्गत घिरघोल परिसर के कक्ष क्रमांक 139 भोथाही बीट आबादी क्षेत्र के अंतर्गत में शिकारियों ने खेत में जीआई तार विद्युतधारा प्रवाहित कर एक नर चीतल का अवैध शिकार किया है।

इस अवैध शिकार के मामले में शामिल चार शिकारियों में विष्णुप्रसाद ध्रुव पिता नाथूराम ध्रुव उम्र 34 ग्राम घिरघोल, टेकराम ध्रुव पिता रमेशर ध्रुव उम्र 29 ग्राम घिरघोल, रघुनाथ निषाद पिता रेवाराम निषाद उम्र 32 ग्राम घिरघोल,शोभाराम निषाद पिता बोनूराम निषाद उम्र 35 ग्राम घिरघोल इन चारों अभियुक्तों पर वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9,29,50,51 अधिरोपित की गई है।आरोपियों से तार 1.451किलोग्राम,1नग टंगिया,लकड़ी की खुटी,30 किलोग्राम चीतल का मांस मौके में बरामद किया गया है।

वही इस संबंध में बीट प्रभारी वन रक्षक संदीप देवांगन ने बताया कि मुखबिर के सूचना के आधार पर 7 मार्च को सुबह 8 बजे मुझे जानकारी मिली फिर मैं 8:30 बजे दो स्टॉप मुढ़ीपार वन रक्षक ब्रिजेश सोनकर,और बल्दाकछार वन रक्षक तुलसी मनहरे के साथ फील्ड में पहुँचा।पहले तो हम लोगों को सही घटना स्थल का पता नहीं चला था मुखबिर ने बताया था कि रात को सुबह-सुबह 4-5 बजे के समय बिजली बंद-चालू (बुग-बाग) हो रहा था। फिर हम लोग वहां गए और देखा कि रास्ते में 139 कम्पार्टमेन्ट के बगल में एक खेत में रबी फसल का धान लगा हुआ है और एक बोर भी है।बोर के आसपास छानबिन करने पर एक मांस का टुकड़ा और एक छोटा सा हड्डी मिला।फिर छानबीन के लिए आगे बढ़े तो खेत के दोनों तरफ शिकार के लिए बिछाए गए जेई तार करेंट की चपेट में आकर गिरे जमीन पर जानवर के निशान मिला।फिर आगे बढ़े तो 50 से 100 मीटर की दूरी पर खेत मे चीतल का कटा हुआ 4 पैर और यत्र-तत्र अवस्था फैले पेट का

## भिलाई से लापता छात्रा का बेमेतरा में मिला शव, डेढ़ माह पहले घर से निकली थी, हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

**भिलाई (आरएनएस)।** शहर से करीब डेढ़ माह पहले लापता हुई एमए की छात्रा का शव बेमेतरा के जुनवानी गांव में मिला है। जुनवानी गांव की एक महिला ने पुलिस के पास पहुंचकर बताया कि उसका बेटा अदालत धुर्वे शव को उसके पास छोडक़र भाग गया। शव की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। आसपास के थानों से संपर्क करने पर भिलाई की छात्रा कल्पना सिंह राजपूत के लापता होने की जानकारी मिली। इसके बाद परिजनों को बुलाकर शव की शिनाख्त कराई गई। परिजनों ने शव की शिनाख्त कल्पना सिंह के रूप की। अब बेमेतरा पुलिस अदालत ध्रुव की तलाश कर रही है जो शव को अपनी मां के पास छोडक़र भाग गया था।

बता दें कल्पना सिंह राजपूत बीते 24 जनवरी को घर से कपड़ा सिलाने की बात कहकर निकली और उसके बाद नहीं लौटी। परिजनों ने उसके मोबाइल पर संपर्क किया लेकिन कुछ भी पता नहीं चला। इसके बाद परिजनों ने वैशाली नगर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। इधर पुलिस लापता कल्पना सिंह की लगातार तलाश करती रही। इस बीच कल्पना सिंह के परिजन त्रिलोक सिंह के निवास पर 9 मार्च को वैशाली नगर थाने से दो सिपाही आए।

सिपाही ने एक फोटो दिखाई तो त्रिलोक सिंह ने फोटो देखकर बताया कि यह कल्पना सिंह की है। सिपाहियों ने उन्हें मारो थाने भेजा। इससे पहले की वे मारो थाना पहुंचते बेमेतरा थाने से बुलावा आ गया। बेमेतरा थाने पहुंचने के बाद पुलिस इन्हें लेकर मरच्यूरी पहुंची। मरच्यूरी में शव की शिनाख्त कराई गई। त्रिलोक सिंह ने शव की शिनाख्त कल्पना सिंह के रूप की। इस तरह भिलाई से लापता छात्रा का शव डेढ़ माह बाद बेमेतरा मिला।

बेमेतरा पुलिस ने बताया कि शव को अदालत ध्रुव नाम का युवक अपनी मां के पास छोडक़र भाग गया है। अब पुलिस इस उलझन में है कि युवती की हत्या हुई या कोई हादसा। इस बीच पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम भी कराना चाहा लेकिन डॉक्टरों ने यह कहा कि इसका पीएम पहले ही हो चुका है। जांच के दौरान पता चला कि शव का मस्तुरी बिलासपुर में पीएम हुआ है। मस्तुरी पुलिस ने बताया कि पीएम के समय वहां पर अदालत ध्रुवे मौजूद था और उसने खुद को कल्पना का पति बताया इसलिए शव को उसे सौंप दिया गया। शव मिलने के बाद अदालत ध्रुव उसे अपनी मां के पास बेमेतरा में छोडक़र फरार हो गया। अब यह पूरा मामला अदालत ध्रुव के आसपास घूम रहा है। पुलिस फिलहाल अदालत ध्रुव की तलाश में जुटी हुई है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी तकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के द्वारा सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ शासकता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU